
टेनिस छोड़ बनीं थीं क्रिकेटर

चार साल की उम्र से टेनिस खेलना शुरू कर चुकीं बार्टी का जन्म 1996 में क्वींसलैंड हुआ था। बार्टी 15 साल में 2011 में जूनियर विंबलडन चैंपियन बनीं। टेनिस से बेहद प्यार करने वाली बार्टी ने तब 2014 में यूएस ओपन के पहले ही राउंड से बाहर होने के बाद 2015 में बल्ला थाम लिया था और बतौर ऑलराउंडर महिला बिग बैश में ब्रिसबेन हीट के लिए नौ और क्वींसलैंड वीमैन के लिए एक मैच खेला था।

## खेल के मैदान पर लौटी एश्ले बार्टी, टेनिस नहीं अब गोल्फ खेलेंगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिसबेन। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर टेनिस को अलविदा कहने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय गोल्फ खेलने का फैसला किया है। बार्टी को न्यूजर्सी में लिबर्टी नेशनल गोल्फ क्लब पर आइकंस सीरिज टूर्नामेंट में अर्नी एल्स रेस्ट आफ वर्ल्ड टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 30 जून और एक जुलाई को खेला जाएगा। बार्टी ने पिछले महीने टेनिस को अलविदा कह दिया था, उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता जबकि पिछले साल विंबलडन और 2019 में फ्रेंच ओपन जीता था। टेनिस की दुनिया में झंडे गाड़ने वाली बार्टी का कई खेलों से नाता रहा है। तीन ग्रैंडस्लैम अवॉर्ड जीतने के अलावा बार्टी यूएस ओपन में दो बार (2018, 2019) चौथे राउंड से बाहर हो चुकी हैं। वह महिला रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली सिर्फ दूसरी ऑस्ट्रेलियाई बनीं थीं। बार्टी ने अपने छोटे से टेनिस करियर में 15 सिंगल्स और 12 डबल्स टाइटल्स जीते।

# हैट्रिक लेकर पर्पल कैप की रेस में नंबर वन पर बरकरार चहल

क्रिकेट

## पर्पल कैप की लिस्ट में टाप चार गेंदबाजों में भारतीय खिलाड़ियों का नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। सभी टीमों ने 5 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 128 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। फिलहाल इस सूची में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा है।

वर्तमान में इस सूची में युजवेंद्र चहल का कब्जा है। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ मैच में 5 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या को 17 तक पहुंचा दिया है और अब नंबर वन और नंबर टू में 5 विकेटों का बड़ा अंतर है जो दिन ब दिन बढ़ता जाएगा। दूसरे नंबर पर लगातार चार मैच जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के गेंदबाज टी नटराज हैं जिसके खाते में 6 मैचों में 12 विकेट हैं। तीसरे नंबर पर दिल्ली का गेंदबाज कुलदीप यादव है। उन्होंने 5 मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए हैं।



चौथे और पांचवे नंबर पर क्रमशः आवेश खान और वानिंदू हसरंगा हैं। दोनों ने 6–6 मैचों में 11–11 विकेट अपने नाम किए हैं। उमेश यादव शुरुआती कुछ मैचों में नंबर वन रहने के बाद अब छठे नंबर पर फिसल गए हैं। कोलकाता की तरफ से शानदार गेंदबाजी कर रहे उमेश यादव 5 मैचों में 10 विकेट के साथ छठे नंबर पर खिसक गए हैं। इन्हें मेगा आक्शन के पहले दिन खरीददार तक नहीं मिला था।

7वें नंबर पर चेन्नई का गेंदबाज ड्वेन ब्रावो है जिन्होंने 6 मैचों में 10 विकेट अपने नाम किए हैं। राहुल चाहर 9 विकटों के साथ 8वें नंबर पर हैं। 9वें और 10वें नंबर पर क्रमशरू उमरान मलिक और मोहम्मद शमी हैं। उमरान मलिक ने अपनी रफ्तार से इस सीजन में सबको चौंकाया है। उनके खाते में 6 मैचों 9 विकेट है जबकि मोहम्मद शमी ने 6 मैचों में 8 विकेट हासिल किए हैं। पिछले सीजन के पर्पल कैप होल्डर हर्षल पटेल फिलहाल इस वक्त टाप 15 की सूची से बाहर हैं। उम्मीद है कि वो आने वाले कुछ मैचों में अपने प्रदर्शन में सुधार लाकर इस सूची में ऊपर आएंगे।

# बल्लेबाज रन नहीं बनाता तो गेंदबाज पर दबाव आता है: कगिसो रबाडा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पंजाब किंग्स ने नए आईपीएल सीजन की अच्छी शुरुआत करने के बाद अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना किया था। इस हार के कारण टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गई। जैसा कि वे बुधवार को दिल्ली से भिड़ने की तैयारी कर रहे हैं, उनके दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने कहा कि जब बल्लेबाज रन नहीं बनाते हैं, तो वह अच्छी स्थिति नहीं होती। वहीं, बोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बनाने से गेंदबाजों पर दबाव पड़ता है।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खिलाफ मैच में तीन खिलाड़ी बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे, जिसमें लियाम लिविंगस्टोन पंजाब किंग्स के लिए एकमात्र शीर्ष स्कोरर रहे थे, उन्होंने 33 गेंदों में 60 रन बनाए थे। पंजाब की पारी आखिरकार डीवाई पाटिल स्टेडियम के मैदान पर 151 रन पर सिमट गई, जिसमें केन विलियमसन की अगुवाई वाली एसआरएच ने 18.5 ओवर में मैच खत्म कर सात विकेट से जीत हासिल की।



छह मैचों में तीन जीत के साथ पीबीकेएस के अब छह अंक हो गए हैं। रबाडा ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। हमने शुरुआती विकेट खो दिए थे। लिविंगस्टोन ने मैच में हमारी वापसी कराई थी। अगर आप देखें, तो हम लगभग 60/4 से 130/4 के बीच में चले गए थे। हमने उस दौरान अच्छी बल्लेबाजी की है। जब आप आखिरी ओवर में चार विकेट खो देते हैं तो यह कभी भी अच्छा नहीं होता है।'

मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दर्ज करने से पहले मैच को बहुत गहराई तक ले जाने के लिए पीबीकेएस के गेंदबाजों की आलोचना की गई, लेकिन रबाडा ने इससे खारिज किया है।

## फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नवजात बेटे का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नवजात बेटे का निधन हो गया है। रोनाल्डो ने 18 अप्रैल की देर रात ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने संदेश में लिखा है, 'बड़े ही दुख के साथ हमें यह सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे नवजात बेटे का निधन हो गया है। यह किसी भी माता–पिता के लिए सबसे बड़ा दुख है। केवल हमारी बेबी गर्ल का जन्म हमें इस पल को कुछ आशा और खुशी के साथ जीने की ताकत देता है। हम सभी डॉक्टर्स और नर्सों का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने हमारा साथ दिया।' रोनाल्डो ने लिखा कि इस घटना से हम पूरी तरह हताश हैं और सभी से अपील करते हैं कि निजता का ख्याल रखा जाए। हमारा बेटा हमारा फरिश्ता था, हम उसे हमेशा प्यार करेंगे। बताते कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो और उनकी पार्टनर जॉर्जिना ने अक्टूबर में ऐलान किया था कि वह जुड़वा बच्चों के माता–पिता बनने वाले हैं। दोनों ने अस्पताल से तस्वीर भी शेयर की थीं। इन्हीं दोनों बच्चों की डिलीवरी के वक्त बेटे का निधन हो गया है, वहीं नवजात बेटी सुरक्षित है।

## न्यूज डायरी :



### कोरोना पाजिटिव होने के बाद बदला गया दिल्ली और पंजाब के बीच मैच का वेन्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक बार फिर से इंडियन प्रीमियर लीग पर कोरोना का साया मंडराने लगा है। दिल्ली कैपिटल्स के कोच और मिचेल मार्श के कोरोना पाजिटिव होने के कारण बुधवार को होने वाले दिल्ली और पंजाब के मैच के वेन्यू को बदल दिया गया है। अब ये मैच पुणे में न होकर मुंबई के ब्रेबोन स्टेडियम में होगा। पहले ये मैच महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान पर होना प्रस्तावित था। कोरोना के प्रकोप के बाद दिल्ली ने पुणे की अपनी यात्रा कैंसिल कर दी थी। मंगलवार को बीसीसीआइ की तरफ से कहा गया मैच नंबर 32 का वेन्यू बदल दिया गया है। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के बीच एमसीएस स्टेडियम में होने वाला मैचे अब ब्रेबोन स्टेडियम में होगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है जिससे कि कोरोना के बढ़ते प्रकोप को रोका जाए और खिलाड़ियों को लंबी यात्रा न करनी पड़े। हालांकि इसकी तारीख में किसी तरह का कोई फेरबदल नहीं किया गया है।

### मलिंगा खुश हुआ... चहल ने खोला पंजा तो गदगद बॉलिंग कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा ने कहा कि युजवेंद्र चहल ने दिखा दिया कि आईपीएल में लेग स्पिनर को 'मैच विनर' क्यों कहा जाता है । चहल ने कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ बेहतरीन 17वां ओवर डाला, जिसमें सत्र की पहली हैट्रिक भी ली। चहल ने चार ओवर में 40 रन देकर पांच विकेट चटकाए। चहल ने 17वें ओवर की पहली गेंद पर वेंकटेश अय्यर को पवेलियन भेजा । इसके बाद चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर श्रेयर अय्यर, शिवम मावी और पैट कमिंस के विकेट लेकर मैच ही पलट दिया । रॉयल्स ने केकेआर को सात रन से हरा दिया । इससे पहले जोस बटलर के 61 गेंद में 103 रन की मदद से रॉयल्स ने पांच विकेट पर 217 रन बनाए थे। मलिंगा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'चहल के पास काफी अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। वह देश का सबसे अनुभवी लेग स्पिनर है और टूर्नामेंट में भी, उसने बताया कि कैसे नियंत्रित गेंदबाजी की जाती है।

### केकेआर के कोच ने दी प्रतिक्रिया कहा इस कारण हुई मैच में हार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता और राजस्थान के बीच ब्रेबोन स्टेडियम पर खेल गए बेहद रोमांचक मुकाबले में राजस्थान ने कोलकाता को 7 रनों से हरा दिया। 16 ओवर तक सब कुछ केकेआर के कंट्रोल में था। उसे 4 ओवर में 40 रन की जरुरत थी और 6 विकेट हाथ में थे। लेकिन 17वें ओवर में चहल की सुनामी ने टीम से जीत अपनी ओर खींच लिया। हालांकि 18वें ओवर में उमेश यादव ने मैच में वापसी कराई लेकिन आखिरी ओवर में टीम 11 रन नहीं बना पाई। मैच के बाद कोलकाता के कोच ने कहा कि कुछ मूर्खतापूर्ण गलतियों के कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा ' जब चार ओवर बचे थे तो हम मैच में ड्राइविंग सीट पर थे लेकिन कुछ मुर्खतापूर्ण गलती के कारण हम दबाव को झेल नहीं पाए जिसका खामियाजा हमें हार के तौर पर भुगतना पड़ा। हमारे नजरिए से लगातार तीसरी हार के बाद अपने हौंसले को बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है।

### आईपीएल में जोस बटलर पर्पल कैप की रेस में टाप पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले जा रहे है। दिल्ली को छोड़कर सभी टीमों ने 6 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस दौरान रनों ही बौछार देखने को मिली है। बल्लेबाजों के बीच टाप पर बने रहने की जंग चल रही है। आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर शामिल हैं। राजस्थान के जोस बटलर का बल्ला हल्ला बोल रहा है तो हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और शुभमन गिल भी किसी से पीछे नहीं हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बटलर लगातार सबको मात देते हुए पहले नंबर पर चल रहे हैं। कोलकाता के खिलाफ मैच में उन्होंने इस सीजन का दूसरा शतक लगाकर अपने रनों की संख्या को 375 कर लिया है।